नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

1. भारत के संपरीक्षा एवं लेखा प्रणालियों का प्रधान कौन होता है ?
(अ) योजना आयोग
(ब) वित्त आयोग
(स) भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(द) भारत का महान्यायवादी
उत्तर : (स)

2. केन्द्र सरकार के व्यय को नियंत्रित करने की शक्ति किसमें निहित है ?
(अ) संसद में
(ब) राष्ट्रपति में
(स) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(द) केन्द्रीय वित्त मंत्री में
उत्तर : (स)

3. निम्नलिखित में वह कौनसा अधिकारी है जो भारत सरकार के वित्तीय लेन–दनों हेतु लेखाकरण के लिए जिम्मेदार होता है ?
(अ) वित्त सचिव
(ब) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(स) महोलखा नियंत्रक
(द) अध्यक्ष, वित्त आयोग
उत्तर : (ब)

4. भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक किसके लिए मुख्य लेखाकार तथ लेखा परीक्षक के रूप में काम करता है ?
(अ) संघ सरकार के लिए
(ब) राज्य सरकार के लिए
(स) संघ तथा राज्य सरकार के लिए
(द) न संघ सरकार के लिए और न ही राज्य सरकार के लिए
उत्तर : (स)

5. लेखा परीक्षण का मुख्य उद्देश्य किसे व्यय पर नियंत्रण करना होता है ?
(अ) कार्यपालिका के (ब) व्यवस्थापिका के
(स) न्यायपालिका के (द) उपर्युक्त सभी के
उत्तर : (अ)

6. भारत के केन्द्रीय स्तर पर लेखांकन तथा लेखा परीक्षण किसके अधिकार क्षेत्र में आता है ?
(अ) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(ब) लोक लेखा समिति
(स) अनुमान समिति
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (अ)

7. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति कौन करता है ?
(अ) लोकसभा (ब) प्रधानमंत्री
(स) राष्ट्रपति (द) वित्त मंत्री
उत्तर : (स)

8. निम्नलिखित में से किसके द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के पद का सृजन किया गया था ?
(अ) संसदीय अधिनियम द्वारा
(ब) संविधान द्वारा
(स) मंत्रिमंडल के संकल्प द्वारा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

9. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक सेवानिवृत्त होते हैं–
(अ) नियुक्ति के 6 वर्ष बाद या 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर
(ब) नियुक्ति के 6 वर्ष बाद या 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर
(स) नियुक्ति के 5 वर्ष बाद या 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर
(द) नियुक्ति के 5 वर्ष बाद या 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर
उत्तर : (अ)

10. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति संविधान के किस अनुच्छेद के तहत की जाती है ?
(अ) अनुच्छेद 63 (ब) अनुच्छेद 76
(स) अनुच्छेद 148 (द) अनुच्छेद 280
उत्तर : (स)

11. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को पद से केवल किसके द्वारा हटाया जा सकता है ?
(अ) संघ के मंत्रिमंडल के परामर्श से राष्ट्रपति द्वारा
(ब) उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा
(स) भारत की संसद के दोनों सदनों में संबोधन के उपरांत राष्ट्रपति द्वारा
(द) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति के परामर्श से राष्ट्रपति द्वारा
उत्तर : (स)

12. किन आधारों पर दोषसिद्धि करने के बाद संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित कर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को पद से हटाया जा सकता है ?
(अ) कदाचार (ब) अक्षमता
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

13. भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक अपना प्रतिवेदन देता है–
(अ) लोकसभाध्यक्ष को (ब) प्रधानमंत्री को
(स) वित्त मंत्री को (द) राष्ट्रपति को
उत्तर : (द)

14. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को पदमुक्त किया जा सकता है–
(अ) उसी प्रकार जिस प्रकार राष्ट्रपति को हटाया जाता है
(ब) उसी प्रकार जिस प्रकार उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जा सकता है
(स) सर्वोच्च न्यायालय के प्रतिवेदन पर राष्ट्रपति द्वारा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

15. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कौन समिति कार्य करती है ?
(अ) लोक लेखा समिति
(ब) प्राक्कलन समिति
(स) सरकारी उपक्रम समिति
(द) विषेषाधिकार समिति
उत्तर : (अ)

16. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक निम्नलिखित में से किस समिति के मित्र, दार्शनिक और निर्देशक के रूप में कार्य करता है ?
(अ) लोक लेखा समिति
(ब) सरकारी उपक्रम समिति
(स) प्राक्कलन समिति
(द) सार्वजनिक उपक्रम समिति
उत्तर : (अ)

17. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा की गई टिप्पणियों पर कार्यवाही करने की अंतिम जिम्मेदारी निम्नलिखित में से किसकी है ?
(अ) उच्चतम न्यायालय
(ब) संसद
(स) भारत के राष्ट्रपति
(द) राष्ट्रीय विकास परिषद्
उत्तर : (ब)

18. निम्नलिखित में से किसकी नियुक्ति लोकधन के व्यय की निगरानी के लिए संसदीय प्रहरी के रूप में की जाती है ?
(अ) महान्यायवादी
(ब) सॉलिसिटर जनरल
(स) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(द) महाधिवक्ता
उत्तर : (स)

19. क्या भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक पद ग्रहण के पूर्व शपथ लेता है ?
(अ) हाँ (ब) नहीं
(स) स्पष्ट नहीं है (द) कहा नहीं जा सकता
उत्तर : (अ)

20. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है। अपने पद से उसे हटाया जाता है–
(अ) राष्ट्रपति द्वारा
(ब) संसद के दोनों सदनों के संबोधन पर
(स) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा
(द) राष्ट्रपति की संस्तुति पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा
उत्तर : (ब)

21. निम्नलिखित में से कौन भारत का कन्सोलिडेटेड फण्ड का नियंत्रण/पर्यवेक्षण करता है ?
(अ) भारतीय वित्त मंत्री
(ब) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(स) संसद
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

––––

www.rajstudents.com